Class - V
Subject - HINDI
पाठ – 5 सहायता कोष

1. शब्दार्थ :–

प्रवेश –	भीतर आना
भयानक –	भयंकर
चिथड़े –	फटे पुराने कपड़े
उदासीन –	बेखबर, ध्यान न देना
उत्सुकता –	बेचैनी
आश्चर्य –	हैरानी
स्वीकृति –	स्वीकार करना, मानना
पार्श्व –	पीछे का स्थान

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए :–

क. मोहन अचानक खेलने के लिए तैयार क्यों हो गया?

उत्तर मोहन को चंदा लेने के लिए एक तरकीब सूझी इसलिए वह अचानक खेलने के लिए तैयार हो गया।

ख. पैसों का पेड़ बोते हुए कौन–सा मंत्र बोलना पड़ता था?

उत्तर पैसों का पेड़ बोते हुए यह मंत्र बोलना पड़ता था, "जै पैसा महाराज! श्री... श्री... श्री पैसा महाराज की जै। अंड–बंड–फंड। छूमंतर। पेड़ लगे, पैसा उगे, जै पैसा महाराज! छूमंतर।"

ग. मोहन ने सबको किस प्रकार बुद्धू बनाया?

उत्तर मोहन ने सबको रूपए के पेड़ का लालच देकर बुद्धू बनाया।

घ. वीरू क्यों कूदने लगा?

उत्तर वीरू कूदने लगा क्योंकि उसे लगा उसका रूपये का पौधा सबसे बड़ा है।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क. बिहार में बाढ़ आने पर वहाँ की स्थिति कैसी थी?

उत्तर बिहार में बाढ़ आने पर वहाँ की स्थिति बहुत भयानक थी। वहाँ हजारों लोग बेघर हो गए थे। उनके पास खाने के लिए एक दाना तक नहीं था। पहनने के लिए चिथड़े भी नहीं थे।

ख. मोहन ने रूपये का पेड़ लगाने की बात क्यों कही?

उत्तर मोहन ने रूपयों का पेड़ लगाने की बात कही ताकि वह अपने दोस्तों को बुद्धू बनाकर उनसे चंदा ले सके।

ग. मोहन की बात सुनकर सब बच्चे तालियाँ बजा–बजाकर क्यों हँसने लगे थे?

उत्तर मोहन की बात सुनकर सब बच्चे तालियाँ बजा–बजाकर हँसने लगे थे क्योंकि उन्हें लगा रूपए का पौधा लगाने से उन्हें घर से पैसे माँगने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

घ. रूपयों का पेड़ किस दिन लगता था और कितने दिनों में रूपये देने लगता था?

उत्तर रूपयों का पेड़ मंगलवान के दिन लगता था और चार–पाँच दिनों में रूपये देने लगता था।

ङ मोहन किस कार्य के लिए पैसे इकट्ठे कर रहा था?

उत्तर मोहन बाढ़–पीड़ितों की सहायता के लिए पैसे इकट्ठे कर रहा था।

4. मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न मोहन का चरित्र अन्य बच्चों से किस प्रकार भिन्न था?

उत्तर मोहन का चरित्र अन्य बच्चों से भिन्न था। वह एक दयालु, परोपकारी और बुद्धिमान बालक था। वह चंदा इकट्ठा कर बाढ़–पीड़ित लोगों की सहायता करना चाहता था। जब उसके दोस्तों ने चंदा देने से मना किया तब उसने चालाकी से उनसे चंदा लिया।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. बच्चे आपस में कौन–सा खेल खेल रहे थे?

लूडो साँप–सीढ़ी कैरम–बोर्ड

उत्तर लूडो

ख. रूपये बोने के लिए गमले किसके घर से आए?

वीरू के घर से रीता के घर से विमल के घर से

उत्तर रीता के घर से

ग. बाढ़ कहाँ आई थीं?

दिल्ली बिहार गुजरात

उत्तर बिहार

घ. वीरू ने कितने रूपयों का पेड़ बोया?

पाँच रूपये एक रूपया दो रूपये

उत्तर पाँच रूपये

6. सही कथन के आगे सत्य तथा गलत कथन के आगे असत्य लिखिए –

क.	विमल बाढ़–पीड़ितों के लिए चंदा इकट्ठा कर रहा था।	असत्य
ख.	बच्चों ने प्रसन्नता से चंदा दे दिया।	असत्य
ग.	बच्चे लूडो खेल रहे थे।	सत्य
घ.	मोहन ने गमले में दो रूपये बोए।	असत्य
ङ	पेड़ शनिवार को बोया जाता था।	असत्य
च.	पेड़ चार–पाँच दिनों में रूपये देने लगता था।	सत्य